भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3050

उत्तर देने की तारीख 04.08.2022

किराना स्टोर

3050. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः

श्री बालाशौरी वल्लभनेनीः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देशभर में किराना स्टोरों के लिए स्वदेश में विकसित ई-कॉमर्स नेटवर्क प्रारंभ किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ई-कॉमर्स नेटवर्क पर पंजीकृत ऐसे किराना स्टोर का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने किराना दुकानों के पंजीकरण में वृद्धि के लिए कदम उठाए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) से (ग): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए एमएसएमई ग्लोबल मार्ट वेब पोर्टल के माध्यम से देश भर में एमएसएमई को ई-विपणन सेवाएं प्रदान करता है। इस मंत्रालय के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अपने हितधारकों के लिए ऑनलाइन विपणन सुविधा सहायता के लिए ई-कॉमर्स पोर्टल नामतः 'ekhadiindia.com' स्थापित किया है।

इसके अतिरिक्त, किराना स्टोरों के पंजीकरण को बढ़ाने के लिए इस मंत्रालय ने खुदरा और थोक व्यापार को एमएसएमई के रूप में शामिल किया है और उन्हें उद्यम पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकृत होने की अनुमति है। तथापि, खुदरा और थोक व्यापार एमएसएमई के लिए लाभ केवल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार तक सीमित किए जाने हैं। उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अंतर्गत, अबतक 158319 किराना स्टोर वाले एमएसएमई को पंजीकृत किया गया है।

****